हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 17 मई 2024

06 दिनभर गुजरते हैं हजारों वाहन, ट्रैफिक सहित ...



07 जिला अस्पताल में 16 वार्ड बॉय, फिर भी ...





## खबर संक्षेप

### नाली खोदते में करंट लगने से मौत

**सीहोर।** बुदनी के माना क्षेत्र में बुधवार को दर्दनाक हादसा हो गया। जहां करंट लगने से एक मजदूर की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि बुधवार को करंट लगने से गुरु प्रसाद (26) की मौत हो गई वह मजदूरी करता था और छिंदवाड़ा का रहने वाला था। दरअसल, वह नाली निर्माण करने वाली कंपनी में मजदूरी करता था और माना इलाके में नाली निर्माण का काम कर रहा था, इसी दौरान मजदूर के हाथ में कोई लोहे की चीज थी, ज्यादा लंबी होने की वजह से वह ऊपर लटक रहे बिजली के तार से टकरा गई और करंट लगने से उसकी मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया दिया और जांच शुरू कर दी है।

### गेहूं विक्रय के लिए अब 4 दिन रह गए शेष

**सीहोर।** रबी विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के लिए अब 5 दिन बचे हैं। पहले अंतिम तिथि 7 मई थी जिसे बढ़ाकर अब 20 मई कर दिया गया है। किसानों की सुविधा को देखते हुए समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी की अवधि 20 मई तक बढ़ाई गई है। इस आशय के आदेश खाय, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के उप सचिव द्वारा जारी किए गए हैं। अब जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन का कार्य 20 मई तक किया जाएगा।

### ट्रांसफार्मर बदलने 1912 पर करें शिकायत

**सीहोर।** मानसून सीजन के दौरान आधी-बारिश एवं अन्य व्यवधान के कारण वितरण ट्रांसफार्मर असफल होने की शिकायतें 1912 पर दर्ज कराई जा सकती हैं। इसके अलावा मोबाइल एप उपाय पर भी शिकायत की जा सकती है। कंपनी के अनुसार उपभोक्ता शिकायत दर्ज कराने के लिए अपने मोबाइल में प्ले स्टोर के माध्यम से उपाय एप डाउनलोड कर उसके उपयोग से भी अपनी शिकायत आसानी से दर्ज करा सकते हैं।

### आश्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन 1 जून तक

**सीहोर।** जिले में संचालित जनजातीय एवं अनुसूचित जाति के छात्रावापस, आश्रमों में जो छात्र-छात्राएं प्रवेश लेना चाहते हैं उन्हें प्रवेश के पूर्व अपना प्रोफाइल पंजीयन कराना जरूरी है। क्योंकि इन संस्थाओं जूनियर/आश्रम, उत्कृष्ट/सीनियर एवं महाविद्यालय बालक/कन्या में बिना पंजीयन के छात्र-छात्राओं को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। प्रोफाइल पंजीयन कराने के लिए विभागीय वेबसाइट पोर्टल पर जाकर नया प्रोफाइल पंजीयन करा सकते हैं। इसके बाद छात्र-छात्राएं जिस छात्रावास में प्रवेश चाहते हैं उस छात्रावास में जाकर निशुल्क प्रवेश आवेदन फार्म प्राप्त कर सकते हैं। भरा हुआ आवेदन फार्म जरूरी दस्तावेजों के साथ 1 जून तक संबंधित छात्रावास में अधीक्षक-अधीक्षिका के पास जमा करा सकते हैं।

## ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाएं बदहाल, लोगों को नहीं मिल पा रही सुविधाएं और उपचार

# अनदेखीः 25 साल से बिना भवन के चल रहा आर्या उपस्वास्थ्य केंद्र, ग्रामीण हो रहे परेशान

ढाई दशक पहले उपस्वास्थ्य केंद्र का भवन जर्जर होने के कारण बरसात के मौसम में जमीदोंज हो गया था, लेकिन उसके स्थान पर नवीन भवन अभी तक नही बनाया गया। भवन नही होने के कारण ग्रामीणों को उपस्वास्थ्य केंद्र का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

हरिभूमि न्यूज ⏭इछावर




ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के सरकार के दावें तहसील के ग्रामीण क्षेत्र में खोखला साबित हो रहें है। इसका अंदाजा आर्या उपस्वास्थ्य केंद्र से लगाया जा सकता है। जो पिछले करीब 25 सालों से बिना भवन के संचालित हो रहा है। ढाई दशक पहले उपस्वास्थ्य केंद्र का भवन जर्जर होने के कारण बरसात के मौसम में जमीदोंज हो गया था, लेकिन उसके स्थान पर नवीन भवन अभी तक नही बनाया गया। भवन नही होने के कारण ग्रामीणों को उपस्वास्थ्य केंद्र का लाभ नही मिल पा रहा है। मरीजों, गर्भवती महिलाओं को उपचार कराने के लिए इछर-उधर भटकने को मजबूर होना पड रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि नवीन भवन निर्माण की मांग कई बार प्रशासन के अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों से कर चुकें है। लेकिन कोई भी इस ओर ध्यान नही दे रहा है।

दीवड़िया सेक्टर के तहत आने वाला आर्या उपस्वास्थ्य केंद्र जिस पर आर्या सहित आसपास के करीब आधा दर्जन गांवों के लोगों को प्राथमिक उपचार सुविधा और स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने का जिम्मा है। वह विभागीय उदासीनता के कारण स्वयं ही वर्शो से बीमार पड़ा हुआ है। दरअसल यहां पर कई अव्यवस्थाएं है। एक ओर जहां उपस्वास्थ्य केंद्र का सालों से भवन नही है। वही दूसरी ओर अन्य संसाधनों का भी अभाव बना हुआ है। ऐसे में लोगों को न तो प्राथमिक उपचार की सुविधा मिल रही है, और ना ही स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ । गर्भवती महिलाओं और मरीजों को उपचार कराने के लिए इछावर, सीहोर जाना पड़ रहा है। इन शहरों की दूरी अधिक होने के कारण कई मरीज देशी दवाई से घर पर ही बीमारी का इलाज कर रहे हैं जबकि कई लोग निजी क्लिनिकों पर जाकर अपना उपचार करवा रहें है। ग्रामीणों ने बताया कि इस संबध में विभाग के अधिकारीयों व जनप्रतिनिधियों को कई बार अवगत कराया जा चुका है साथ ही उपस्वास्थ्य केंद्र के नवीन भवन निर्माण की मांग भी की गई, लेकिन अभी तक किसी ने भी इस ओर ध्यान नहीं दिया है।

### आधा दर्जन गांवों को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने का है जिम्मा

आर्या उपस्वास्थ्य केंद्र पर आर्या गांव की करीब 18 सौ की आबादी के अलावा रूपदी, बावड़िया गोसाई, मूंडला, बांगनखेड़ा आदि गांवो के लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं व उपचार सुविधाएं मुहैया कराने का जिम्मा है। लेकिन केंद्र में व्याप्त अव्यवस्थाओं के कारण इसका लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा है। लोगों ने बताया कि उन्हे अपना ईलाज कराने के लिए शहरों का रूख करना पड़ता है। यहां तक कि प्राथमिक उपचार के लिए भी इधर-उधर भटकनें को मजबूर होना पड़ रहा है। लेकिन कोई भी जिम्मैदार इस ओर ध्यान नही दें रहा है।

### गर्भवती महिलाओं को होती है परेशानी

उपस्वास्थ्य केंद्र संसाधन और भवनविहीन होने के कारण इसका समुचित लाभ क्षेत्र के लोगों को नही मिल रहा है। सुविधाओं के अभाव में मरीजों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है , खासकर गर्भवती महिलाओं को प्रसव के लिए इछावर, सीहोर ले जाना पड़ता है। इन शहरों की अधिक दूरी होने व यातायात के पर्याप्त साधन नहीं होने के कारण कई बार प्रसूताओं को गंभीर स्थिति से गुजरना पड़ रहा है। इस परिजनों को अनहोनी की अशंका बनी रहती है।

### ग्रामीणों की मांग होना चाहिए प्राथमिक केंद्र

गांव के जगदीश जाट, चंदरसिंह, मोहन जाट आदि ग्रामीणों का कहना है कि आर्या की आबादी करीब 2 हजार के लगभग है। इसके अलावा इसके आसपास दर्जनों गांव है जोकि हाट बाजार करने आर्या आते है। आर्या गांव सेंटर में भी है यदि यहां पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना कर दी जाएं तो क्षेत्र के लोगों को काफी राहत मिलेगी। उन्हें उपचार के लिए 20-40 किमी दूर इछावर , सीहोर नही जाना पड़ेगा। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से आर्या में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोले जाने की मांग की है।

### भेज चुके हैं प्रस्ताव

यह सच है कि उपस्वास्थ्य केंद्र का भवन पिछले करीब ढाई दशक से खंडहर हालत में है। नवीन भवन निर्माण के लिए कई बार पंचायत में प्रस्ताव बनाकर शासन को भेज चुके हैं, लेकिन अभी तक स्वीकृति प्राप्त नहीं हुई है।

**संतोष प्रजापति,** सचिव ग्रापं आर्या

## देर रात एक घर में लगी आगः लोगों का कहना 8-10 लोग आग लगाकर भागे, पुलिस कर रही मामले की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭सीहोर



सीहोर जिले के मानलियसा गांव में बुधवार रात एक घर में आग लग गई। जिससे घर का पूरा सामान जलकर नष्ट हो गया। मामले में अहमदपुर थाना पुलिस जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार अहमदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत दौलतपुर के आगे स्थित है ग्राम मानलियसा। यहां पर अनवर खान के मकान में रात लगभग 11:30 बजे आग लग गई। अभी आग लगने के कारण का खुलासा नहीं हो सका है। घर में आग लगने की सूचना ग्रामीणों ने फायर ब्रिगेड टीम को दी। जिसके बाद फायर ब्रिगेड ने देर रात कड़ी मशक्कत के बाद आप पर काबू पाया।टीम के सदस्य आरिफ खान ने बताया कि आग लगने की सूचना के बाद तत्काल मौके पर टीम पहुंच गई थी। आग लगने से हजारों रुपए के सामान जलकर नष्ट हुआ है। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड टीम को लोगों ने बताया कि 8, 10 लोगों ने इस मकान पर हमला कर आग लगाकर भाग गए हैं। इससे घर में रखा 10 क्विंटल गेहूं और गृहस्थी का सामान जल गया है। इस संबंध में अहमदपुर थाना प्रभारी अविनाश भोपले का कहना है कि मामला संदेहास्पद लग रहा है इसलिए मामले की तस्दीक की जा रही है।

## विभागीय दायित्वों का पूरी गंभीरता से करें निर्वाहन : कलेक्टर प्रवीण सिंह



**सीहोर।** कलेक्टर प्रवीण सिंह ने कलेक्टर कार्यालय में बैठक आयोजित कर अनेक विभागों की विभागीय प्रगति की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर सिंह ने राजस्व महा अभियान एवं राजस्व प्रकरणों की समीक्षा, जल जीवन मिशन की समीक्षा, सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा, पंचायत एवं ग्रामीण कार्यो विकास की प्रगति, मनरेगा योजना की समीक्षा, स्वच्छ भारत मिशन, लंबित अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरण, सीएम राइज विद्यालय की प्रगति की समीक्षा की तथा अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

कलेक्टर सिंह ने सभी अधिकारियों से कहा कि निर्वाचन के पश्चात अपने विभागीय दायित्वों का पूरी गंभीरता से निर्वाहन करें। कलेक्टर सिंह ने पीएचई विभाग की समीक्षा के दौरान पेयजल वितरण की जानकारी लेते हुए कहा कि नागरिकों को पेयजल के लिए परेशानी ना हो, यह सुनिश्चित करें।

कहीं से भी पेयजल संबंधी शिकायत या सूचना प्राप्त होने पर तुरंत समाधान किया जाए। उन्होंने उपार्जन कार्य की समीक्षा के दौरान अभी तक उपार्जित की गई उपज की मात्रा, उपज के सुरक्षित भण्डारण आदि की जानकारी लेते हुए शासन के दिशा निर्देशों के अनुसार उपज की खरीदी एवं भंडारण के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने स्वास्थ्य विभाग समीक्षा के दौरान सीएमएचओ को निर्देश दिए की सभी स्वास्थ्य कार्यक्रम निर्धारित समय पर किए जाएं एवं जिले में नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराई जाए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ अशीष तिवारी, अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह, डिप्टी कलेक्टर सुधीर कुशवाह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## 80 वर्षीय महिला की निकाली कैंसर गांठः डॉक्टरों ने किया सफल ऑपरेशन



**सीहोर।** शहर के गंगा आश्रम स्थित एक अस्पताल में 80 वर्षीय बुजुर्ग महिला का सफल ऑपरेशन किया गया है। जानकारी के अनुसार 80 वर्षीय बुजुर्ग महिला मिश्री बाई पत्नी उदय सिंह ग्राम दुपाड़िया भील सीहोर की मूल निवासी है। करीब तीन सालों से कैंसर के लक्षण थे। लेकिन कोई अभी तक पता नहीं लगा पा रहा था।

मरीज के परिजनों ने अस्पताल का पता लगा कि यहां पर कैंसर का इलाज भी किया जाता है तो वह मरीज को लेकर अस्पताल पहुंचे। अस्पताल के डॉक्टरों ने जांच के बाद बुजुर्ग महिला मरीज को ब्रेस्ट कैंसर के लक्षण पाए है। ऑपरेशन की सलाह दी गई।

इसके बाद परिजनों की स्वीकृति के बाद अस्पताल की टीम ने राजधानी भोपाल के फेमस कैंसर विशेषज्ञ डॉ. राहुल अग्रवाल ने सफलता पूर्वक ऑपरेशन किया है। मरीज के परिजनों ने अस्पताल में कार्यरत डॉक्टरों का आभार व्यक्त किया।

## जिले में सर्वाधिक मतदान कराने पर कलेक्टर सहित जिला प्रशासनिक अधिकारियों का किया सम्मान



**सीहोर।** सीहोर जिले के ग्राम चंदेरी के किसान व समाजसेवी एम.एस. मेवाड़ा के नेतृत्व में सैकड़ो किसानों ने मिलकर अपनी खेती में काम करने वाले हल को कलेक्टर सीहोर एवं निर्वाचन अधिकारी को बैठकर साफा बांधकर फूल माला से स्वागत किया। प्रशासनिक अधिकारियों व समाजसेवी एम.एस. मेवाड़ा द्वारा विगत 15 दिन से लोकसभा चुनाव में जिले सीहोर में अधिक से अधिक मतदान करने हेतु अनोखे तरीके के अभियान चलाया जा रहे थे।

मतदाता को जागरूक किया जा रहा था कहीं बैलगाड़ी से रैली निकालकर, कहीं किसानों के द्वारा गीत भजन गाकर, रैली निकालकर मतदाताओं को जागरूक किया गया, जिसका परिणाम यह रहा कि जिला सीहोर का मतदान प्रतिशत में नंबर वन रहा है। इस मौके पर ग्राम चंदेरी के गोपाल सिंह, करण सिंह, ज्ञान सिंह, शेर सिंह, रामप्रसाद, राजमल, जसवंत सिंह, नारायण सिंह, नरेश मेवाड़ा, राजू मेवाड़ा एवं ग्राम रामाखेड़ी के मोतीलाल, केशरी लाल, ग्राम छापरी के बने सिंह, दुर्गा प्रसाद सहित ऐसे दर्जनों किसानों ने मिलकर सीहोर जिले के कलेक्टर सहित जिला प्रशासन के अधिकारियों का स्वागत सम्मान किया। कलेक्टर सीहोर प्रवीण कुमार सिंह एवं अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह द्वारा भी ग्रामीण किसानों को हरफूल माला से स्वागत किया।

समाजसेवी मेवाड़ा द्वारा सभी जिला प्रशासन के अधिकारी कर्मचारी निर्वाचन अधिकारी कर्मचारी एवं सभी पत्रकार बंधु, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, सोशल मीडिया एवं मतदाता भाई बहनों का जिले में अधिक से अधिक मतदान करने में जो योगदान किया गया, इसको लेकर सभी का स्वागत सम्मान कर उनके प्रति धन्यवाद व्यक्त किया गया।

## सीवन उद्धार समिति ने नगर पालिका अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

# जीवनदायिनी सीवन की हो सफाई व गहरीकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭सीहोर



सीवन नदी सीहोर की जीवन दायिनी है, जो कि इस समय पूरी तरह से सुख चुकी है चद्दर पुल से लेकर इलाही माता, हनुमान फाटक कस्बा सीहोर के मध्य मिट्टी के बड़े बड़े टीले बन चुके है, इस क्षेत्र में असीमित मिट्टी का जमावड़ा लगा हुआ है, सीवन नदी का गहरीकरण एवं सफाई को लेकर सीवन उद्धार समिति के सदस्यों ने नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर को ज्ञापन सौंप कर मांग की है कि नगर के बीचो-बीच स्थित सीवन नदी का गहरीकरण व पूर्णरूप से सफाई की जावे ताकि बारिस के समय नदी में पानी का स्टोरेज हो सके। ज्ञातव्य है कि कस्बा क्षेत्र में पार्वती नल लाइन बहुत पुरानी हो चुकी है पूरा कस्बा निजी एवं सरकारी बोर पर निर्भर है और इन्ही बोरों से अन्य क्षेत्र के लोग पानी ले जाते है और ये बोर इसी नदी से रिचार्ज होते है। यदि नदी का पूर्ण रूप से गहरीकरण होंगा तो नगर सभी बोर रिचार्ज होंगे एवं पर्याप्त मात्रा में नदी में पानी रहेगा, इस विषय को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष श्री प्रिंस राठौर को मांग पत्र सभी के हस्ताक्षर सहित सौंपा गया। जिस पर नपाध्यक्ष ने आश्वासन दिया है कि शीघ्र ही कार्य प्रारंभ किया जावेगा। इसी को लेकर स्थानीय हनुमान फाटक धाम पर सीवन उद्धार समिति की बैठक भी आयोजित की गई थी और गुरुवार को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें प्रमुख यप से सुधीर सिंह ठाकुर, महिपाल जैन, सुदीप व्यास, सीताराम यादव, शुभम कान्हा सोनी, अश्विन नामदेव, प्रदीप चावड़ा, आकाश माथुर, मनमोहन यादव, सेवा यादव, रोहित भावसार (बाबा), अंकित भावसार, प्रकाश यादव, धन्ना लाल राय, गुलाब मालवीय, आकाश माथुर, गीतार्थ भावसार, दीपेश राय, सोम यादव, अर्पित खत्री, राजेश पहलवान, अशोक भारती, अमन सोनवाने, अंशुल भावसार, नितेश जोशी, अप्पू व्यास, पप्पू तिवारी, दीनू राजपूत आदि उपस्थित थे ।


## कृषि योजनाओं का लाभ लेने के लिए किसानों को करना होगा ऑनलाइन पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ⏭सीहोर

कृषि विभाग में संचालित विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए शासन के नवीन दिशा निर्देशों के अनुसार सभी किसानों को अब ऑनलाइन पंजीयन कराना होगा। हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ लेने वाले किसानों के साथ-साथ परंपरागत जैविक खेती करने के इच्छुक किसान भी एमपी किसान एप (https://kisan.mp.gov.in) पर ऑनलाइन पंजीयन कर सकते है। कृषि विभाग में संचालित हितग्राही मूलक योजनाओं का पंजीयन पोर्टल, मोबाइल द्वारा मोबाइल एप पर अथवा कॉमन सर्विस सेंटर पर किया जा सकता है। अधिक जानकारी के लिए किसान अपने विकास खण्ड के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी अथवा अपने क्षेत्र के कृषि विस्तार अधिकारी से सम्पर्क कर सकते है।

**खबर संक्षेप**

## घर में घुसा जहरीला सांप कोबरा, शिवराज ने किया रेस्क्यू



**देवास**। पिछले दो दिनों से शाम के समय हुई बारिश के बाद जहरीले जीव भी जमीन से बाहर निकलने लगे है। बीमा रोड़ स्थित मुखर्जी नगर में रहने वाले नगर निगम के अकाउंटेट दिलीप गर्ग के घर में बुधवार सुबह जहरीला सर्प कोबरा घुस गया। जब घर के सदस्यों ने उसे देखा तो सब घबरा गए। उसके बाद सर्प रेस्क्यू करने वाले व्यक्ति शिवराज सिंह चौहान को बुलाया गया। शिवराज द्वारा जहरीले सर्प को घर से रेक्क्यू कर जंगल में छोड़ा गया। सर्प रेस्क्यू करने वाले शिवराज सिंह ने बताया कि बीमा रोड़ पर घर में सांप घुसने की सूचना के बाद मौके पर पहुंचा था संभवतः सांप जंगल से होता हुआ रहवासी क्षेत्र में पहुंचा होगा, जिसका रेस्क्यू किया गया। यह सर्प काफी जहरीला होता है। फिलहाल उसे पकड़कर दूर जंगल में छोड़ा गया है। स्पेक्टिकल कोबरा नामक यह सांप भारत में पाए जाने वाले सबसे जहरीले सांपों की श्रेणी में आता है। दरअसल बेमौसम बारिश से जंगल खेतों से होता हुआ यह सांप रहवासी क्षेत्र में पहुँच गया। जानकरों की माने तो भारत मे पाए जाने वाले सबसे जहरीले सांपों की श्रेणी में यह सांप आता हैं। स्पेक्टिकल कोबरा नाम के इस साँप के जहर से कई प्रकार की बेहोशी सम्बन्धी दवाइयां बनाई जाती। इसके जहर की एक बूंद 70 लोगों को प्रभावित कर सकती हैं।

### विधायक पवार के प्रयासों से रसलपुर तिराहे पर मिली फ्लाईओवर की स्वीकृति

# दिनभर गुजरते हैं हजारों वाहन, ट्रैफिक सहित वाहन दुर्घटनाओं से मिलेगी निजात

देवास शहर के रसलपुर तिराहा पर आम वाहनों के साथ भारी वाहनों का रहता है अत्यधिक दबाव, मार्ग पर फ्लाईओवर निर्माण होने से आए दिन होने वाली दुर्घटनाओं पर लगेगा विराम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



शहर के रसूलपुर तिराहा पर दिनभर में कई बार जाम के हालात निर्मित होते रहे हैं। यहां यातायात का दबाव अधिक है और ब्रिज की सख्त जरूरत थी। उक्त समस्या को विधायक गायत्री राजे पवार ने संज्ञान में लेते हुए केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी के इंदौर आगमन पर 05 मई 22 को उनसे चर्चा की और शहर की इस समस्या से उन्हें अवगत कराया। विधायक पवार के अथक प्रयासों के चलते रसुलपुर बायपास पर फ्लाइओवर ब्रिज के निर्माण की स्वीकृति उसी समय केंद्रित मंत्री गडकरी द्वारा मौखिक रूप से दे दी गई थी। चर्चा में रसुलपुर बायपास चौराहे पर इंदौर रोड से भोपाल बायपास की तरफ फ्लाईओवर की मांग कर उन्हें ज्ञापन सौंपा गया था। केंद्रीय मंत्री गड़करी ने उन्हें मौखिक स्वीकृति प्रदान की थी और आश्वासन दिया था कि जल्द से जल्द इस कार्य को पूर्ण किया जाएगा। अब इस कार्य के लिए 42.33 करोड रूपये की स्वीकृति मिल गई हैं। इस कार्य के लिए अतिशीघ्र टेंडर प्रकिया को पूर्ण कर कार्य प्रारंभ किया जाएगा। विधायक गायत्री राजे की इस सार्थक पहल से क्षेत्र के लोगों में हर्ष व्याप्त है। अब जल्द ही लोगों को यहां पर लगने वाले जाम एवं परेशनी से राहत मिलेगी। फ्लाईओवर निर्माण के लिए हरी झंडी मिल चुकी हैं। ऐसे में रोज खासकर सुबह व शाम के समय यातायात के दबाव से गुजरने वाले लोगो को जाम से राहत मिलेगी। कई बार हालात ऐसे होते हैं कि लोहारपिपल्या तक वाहनो की लाईन लग जाती थी।

**मुख्य बिंदु**

- 10,000 से ज्यादा वाहन निकलते हैं दिनभर में
- 3 रास्ते मिलते हैं यहां
- 43 करोड़ से ज्यादा का प्रस्ताव हुआ स्वीकृत

### 43.74 करोड़ का प्रस्ताव स्विकृत

रसूलपुर तिराहा पर 550 मीटर लंबे फलाईओवर का प्रस्ताव हुआ स्वीकृत हुआ हैं। यह प्रस्ताव करीब 43.74 करोड़ रुपए का हैं। ज्ञात हो कि इंदौर रोड से भोपाल बायपास पर जाने वाले वाहनों की संख्या हजारों में रहती है। भोपाल, ग्वालियर की ओर जाने वाले वाहन इसी तिराहे से निकलते हैं। ऐसे में शहर से इंदौर की ओर जाने वाले वाहनों और इंदौर की ओर से बायपास पर जाने वाले वाहनों को तिराहा क्रॉस करते समय रुक-रुककर निकलना पड़ता है। इस दौरान कई बार हादसे की आशंका भी रहती है। कई बार वाहन गुत्थमगुत्था भी होते हैं। फ्लाईओवर बनने से उक्त सभी समस्याओं से बहुत हद तक निजात मिलेगी।




**जाम से मिलेगा छुटकारा**

मेरा ये चुनावी वादा भी था, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी जी को और मुख्यमंत्री जी को धन्यवाद देना चाहूंगी। प्रमुख शहर इंदौर भोपाल सहित देवास के लोगो को मुख्य रूप से यातायात के दबाव से छुटकारा मिलेगा। वही सिंहस्थ 2028 के भारी यातायात दबाव को भी मैनेज करने में मदद मिलेगी।

**गायत्री राजे पवार**, विधायक

## प्रधान आरक्षक द्वारा शासकीय मार्ग पर अवैध कब्जे को लेकर हुई शिकायत

**आदर्श नगर के रहवासी पहुंचे एसपी ऑफिस**



**देवास।** एसपी ऑफिस पहुंचकर आरक्षक की शिकायत करते रहवासी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

वार्ड क्रं. 30 बी सेक्टर आदर्श नगर के रहवासी पार्षद शीतल गेहलोत के नेतृत्व में नगर निगम एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे। जहां रहवासियों ने पुलिस विभाग में प्रधान आरक्षक के पद पर पदस्थ फिरोज खान द्वारा रहवासियों के शासकीय मार्ग पर कब्जें का आरोप लगाते हुए आवेदन दिया गया। रहवासियों ने आवेदन में बताया कि प्रधान आरक्षक द्वारा अपने पद का दुरूपयोग करते हुये आदर्श नगर बी सेक्टर में स्थित सार्वजनिक मार्ग (गजरा गियर्स चौराहे से माता जी टेकरी की ओर जाने वाला मार्ग) को अवैध रूप से बंद कर दिया गया है। रहवासियो को आवागमन से काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मार्ग पर अतिक्रमण होने से रहवासियों के घर तक कचरा वाहन नही पहुंच पा रहा है। ऐसे में यदि इमरजेंसी पड जाए तो एम्बूलेंस भी अंदर प्रवेश नही कर सकती। रहवासियों द्वारा मांग की गई हैं कि सार्वजनिक मार्ग पर किए गए अवैध कब्जे को अविलम्ब हटवाकर उक्त पुलिसकर्मी पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाए। यदि शीघ्र कार्यवाही नही होती है तो रहवासी उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। मामले में प्रधान आरक्षक जावेद खान का कहना हैं कि आप खुद आकर देख सकते है।हमारे द्वारा ऐसा कुछ नही किया गया है। हम हमेशा मोहल्ले वालों की मदद के लिए त्तपर रहते है।

**जांच की जाएगी**

अतिक्रमण की शिकायत मिली थी जिसे सम्बंधित विभाग निगम को अवगर करा दिया गया हैं, मौका मुआयना कर जाँच की जाएगी।

**जयवीर सिंह भदौरिया**, एडिशनल एसपी

## सोने की चैन लूटने वाले आरोपियों को मिली सजा

**देवास ।** पुलिस थाना सिविल लाईन अन्तर्गत गंगा निकेतन कालोनी में रहने वाली प्रिया व मोनिका सगी बहने स्कुटी से 9 अगस्त 22 को रात्रि 8.15 बजे अपने घर जा रही थी। दोनो बहन स्कुटी से जैसे ही कबीर गार्डन के गेट के सामने पहुंची। स्कुटी के पीछे बैठी मोनिका के पास मोटर साईकिल पर दो लडके आये व झपटटा मारकर गले में पहनी सोने की पॉच ग्राम चेन लूटकर भाग गये। फरियादी व उसकी बहन ने उन्हे देख लिया था। पुलिस थाना सिविल लाईन देवास ने घटना की प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने अनुसंधान के दौरान व सोनकच्छ आरक्षी केन्द्र में अभियुक्त नीलेश व विकास से पूछताछ व अन्य अपराध में हरदा जेल में बंद आरोपियों की औपचारिक गिरफ्तारी कर देवास न्यायालय से प्रोडक्शन वारंट जारी करवाया गया व पूछताछ की गई।अभियुक्त निलेश की निशादेही परउसके मकान पिथमपुर धार से 5 ग्राम सोने की चेन जप्त की गई। अनुसधान पूर्ण कर आरोपीगण के विरुद्ध धारा 392, 34 में अभियोग पत्र प्रस्तुत किया। विचारण न्यायालय द्वारा धारा 392 सहपठीत धारा 34 भादस में तीन-तीन वर्ष के सश्रम कारावास व पाँच-पाँच हजार रूपए अर्थ दण्ड से आरोपीगण निलेश व विकास को दंडित किया। विचारण न्यायालय के निर्णय के विरुद्ध आरोपी निलेश राठौर निवासी पीथमपुर एव विकास पिता अजय अवस्थी निवासी पीथमपुर जिला धार ने जिला न्यायालय के समक्ष अपील प्रस्तुत की। जिस पर न्यायालय तृतीय सत्र न्यायालय देवास के विद्वान न्यायाधीश राजेन्द्र कुमार पाटीदार के न्यायालय ने दिनांक 14/5/2024 को दिये निर्णय में आरोपियों की अपील को निरस्त किया। अपने निर्णय में अपर लोक अभियोजक मनोज श्रीवास द्वारा अपील में अन्तीम बहस (तर्क) के दौरान साक्षीगण की साक्ष्य से अभियुक्तगण द्वारा घटना कारित करना प्रमाणित होने व अपील सार हीन होने का तर्क रखते हुऐ विचारण न्यायालय द्वारा दिये दण्ड की पुष्टी का निवेदन करते हुऐ आरोपियों की अपील निरस्त करने का निवेदन किया था। न्यायालय के समक्ष अपर लोक अभियोजक ने सोने की चेन लुटने की बड़ती घटनाओ व दर्ज अपराध का तर्क न्यायालय के समक्ष रखा था। साथ आरोपियों द्वारा चेन लुटने के अन्य आरक्षी केन्द्र में अपराध पंजीबध होने का तथ्य तर्क के दौरान माननीय न्यायालय के समक्ष रखा। अपील न्यायालय द्वारा आरोपीगण की प्रतिभुति बंधन पत्र निरस्त कर अभियुक्त गण को सजा भुगताये जाने हेतु सजा वारंट के साथ जिला जेल देवास भेजा।

## राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर संचालित की गई स्वास्थ्य गतिविधियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम एवं पोषण पुनर्वास की समीक्षा बैठक जिला चिकित्सालय में आयोजित की गई। बैठक में आरबीएसके के अंतर्गत जिले में पदस्थ सभी डॉक्टर्स एवं पोषक प्रशिक्षकों ने गत वर्ष के लक्ष्य को आधार मान कर अप्रैल 2024 के अनुसार प्रगति जन्मजात विकृति रोग, पोषण संबंधी कमी का आंकलन ग्राम वार किया गया। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि जिले को एनीमिया मुक्त बनाने के लिए प्रयास किये जायें जिसमें गंभीर बीमारी वाले बच्चों के लिए उपचार के सतत प्रयास किये जाये। इसी प्रकार एसएनसीयू एवं एनआरसी से डिस्चार्ज बच्चों का फॉलोअप किया जाये। आंगनवाड़ी एवं स्कूल में उमंग कार्यक्रम के अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त शिक्षकों से भ्रमण के दौरान आवश्यक रूप से संपर्क किया जाये तथा प्रसव केन्द्र आंगनबाड़ी और स्कूल में आरबीएसके के डॉक्टरों द्वारा शत-प्रतिशत भ्रमण कर परीक्षण किया जाए। बैठक में जिले के बीसीएम एवं बीएएम की विगत वित्तीय वर्ष को आधार मानकर नवीन वित्तीय वर्ष के लिए गुणवत्तापूर्ण आशा कार्यकर्ताओं को कार्य की सतत मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए हैं। जिले की कुल 1200 आशाओं (ग्रामीण) एवं 56 (शहरी) के द्वारा शासन द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारियों की बिंदुवार समीक्षा कि गई। इसी क्रम में जिले में शासन के आदेश के परिपालन में कुशलता वृद्धि के लिए आशाओं के प्रशिक्षण सत्रो कि विस्तृत समीक्षा भी की गई। इसी क्रम में प्रचार प्रसार के अंतर्गत 16 मई को राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर संपूर्ण जिले में लार्वा सर्वे किया गया जिसमें एएनएम आशा कार्यकर्ताओं द्वारा जागरूक करने के लिए स्वास्थ्य शिक्षा दी गई।

## किसान बोले : मूंग और प्याज की फसल को नुकसान पहुंचा रहे जानवर



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर जिला जनपद के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत बरखेड़ी आलमपुरा में आवारा मवेशियों ने किसानों का सर दर्द बना रखा है। गाय, बेल व बछड़े बड़ी संख्या में किसानों की मूंग व प्याज की फसल को नुकसान पहुंचा रहे हैं।

किसान अमर सिंह ने बताया कि गोवंश जिनकी संख्या 15 से 20 है। झुंड में आकर खेतों में लगी हुई फसल को चौपट कर रहे हैं, आपको बता दे कि ग्राम आलमपुरा में मूंग व प्याज की फसल पककर तैयार हो चुकी है, साथ ही कुछ किसानों ने प्याज की फसल को उखाड़ कर काट कर खेत पर ही रख दिया है, अब आवारा पशु रात में या दोपहर के समय में प्याज को खा जाते हैं। किसान राम गोपाल जी ने बताया कि उन्होंने 5 किलो ग्राम मक्का की चरी बोई थी जिसे आवारा पशुओं ने पूरी खाकर नष्ट कर दिया है अब उन्हें उनके स्वयं के पशुओं के लिए भी चारों उपलब्ध नहीं हो पा रहा है, ग्रामीणों ने अपील की है कि इन आवारा पशुओं के लिए सरकार की तरफ से प्रत्येक गांव में गौशाला का निर्माण होना चाहिए जिससे कि इन आवारा पशुओं को आश्रय मिल सके। वहीं, किसान दिनेश ने बताया कि गाय जब तक दूध देती है तब तक लोग उन्हें पालते हैं उसके बाद दूध नहीं देने पर गायों को भगा देते हैं ऐसे पशुपालकों पर कार्यवाही होना चाहिए जो पशुओं को आवारा छोड़ देते हैं।

## बामुलिया में सड़क पर भर रहा गंदा पानी:पंचायत सचिव बोले- मुरम डालने नहीं है बजट

**सीहोर**। जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत बामुलिया में ग्राम पंचायत की अनदेखी के कारण ग्रामीणों को परेशान होना पड़ रहा है। यहां सड़क के दोनों ओर पानी निकासी की व्यवस्था नहीं होने से थोड़ी सी बारिश में ही पानी सड़क पर भर जाता है।



गांव के पवन कुमार, जितेंद्र परमार, राकेश परमार, रोशन परमार ने बताया कि पंचायत के सामने सीसी सड़क निर्माण कर दिया गया है, लेकिन नाली निर्माण नहीं की गई, जिसके कारण एक साइड पानी भरा रहा है। पानी निकालने की उचित व्यवस्था नहीं की गई। वहीं, जब इस मामले को लेकर ग्राम पंचायत सचिव महेश परमार से बात की गई तो उनका कहना है कि अभी पंचायत के पास मुरम डालने के लिए बजट नहीं है।बजट आने पर मुरम डाल दी जाएगी।

## महू नहीं जाएंगी ट्रेन, इंदौर में ही होंगी शॉर्ट टर्मिनेट

**सीहोर**। राऊ-महू के बीच रेलवे दोहरीकरण के चलते रेलवे 16 से 31 मई तक मेगा ब्लॉक लेगा। इस कारण इंदौर-महू के बीच ट्रेनों का संचालन बंद रहेगा। लंबी दूरी की ज्यादातर ट्रेनें इंदौर से चलाई जाएंगी। लक्ष्मीबाईनगर से भी कुछ ट्रेनों का संचालन होगा। हालांकि इंदौर-बिलासपुर नर्मदा एक्सप्रेस उज्जैन से चलाई जाएगी। यह ट्रेन इंदौर से उज्जैन के बीच निरस्त रहेगी। महू रीवा एक्सप्रेस भी उज्जैन से इंदौर के बीच निरस्त रहेगी।




इसके साथ ही 15 से 30 मई तक श्रीमाता वैष्णोदेवी कटड़ा से चलने वाली ट्रेन 12920 श्रीमाता वैष्णोदेवी कटड़ा-डॉ. आंबेडकर नगर एक्सप्रेस और 16 से 31 मई तक आंबेडकर नगर से चलने वाली ट्रेन 12919 डॉ. आंबेडकर नगर-श्रीमाता वैष्णोदेवी कटड़ा एक्सप्रेस इंदौर से ही शॉर्ट टर्मिनेट होगी।

यही नहीं भोपाल-डॉ. अंबेडकर नगर के बीच चलने वाली गाड़ी संख्या 19323-19324 भी इंदौर से शुरु होगी और इंदौर पर ही शॉर्ट टर्मिनेट होगी। डॉ. अंबेडकर नगर से कामाख्या जाने वाली ट्रेन क्रमांक 19305 महू-कामाख्या एक्सप्रेस 16, 12 व और 30 मई को इंदौर से चलेगी वहीं कामाख्या से डॉ. आंबेडकर नगर महू तक चलने वाले ट्रेन क्रमांक 19306 भी इंदौर पर ही शॉर्ट टर्मिनेट होगी। यशवंतपुर एक्सप्रेस सहित अन्य ट्रेनें जो डॉ. आंबेडकर नगर से बनती हैं या वहां तक जाती हैं वे इंदौर से ही चलेंगी और इंदौर में ही शॉर्ट टर्मिनेट होंगी।

## खारी में तेंदूपत्ता संग्रहण शुरू:अधिकारियों ने ग्रामीणों को दी साफ पत्ता लाने की सलाह



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर जिले की ग्राम पंचायत खारी व सेमल घाट में बुधवार को तेंदूपत्ता संग्रहण का कार्य शुरू हो गया है। सभी संग्रहण कर्ताओं को लघु वन उपज समिति बिलकिसगंज के प्रबंधक कैलाश परमार व संग्रहणकर्ताओं को बताया गया है कि शासन द्वारा तेंदूपत्ता रेट 4 हजार रुपए मानक बोरा यानी 400 प्रति सैकड़ा रखी गई है। इस बार तेंदू पत्ता अच्छा है, लेकिन मौसम की स्थिति अनुकूल नहीं है, इस बार संग्रहण सीजन में हवा आंधी पानी की समस्या संग्रहणकर्ता के मन में संशय बना हुआ है।

सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी बिलकिसगंज विनय टिमराई, बीट प्रभारी बृजेश राठौर व वन समिति अध्यक्ष हरि प्रसाद गौर ने संग्रहण कर्ताओं से अपील की है कि तेंदू पत्ता साफ सुथरा लावे, कटा फटा हुआ लाल, माता वाला पत्ता नहीं लावे, पत्ता तोड़ने वाले लोग समूह में पत्ता तोड़ने जाएं तो बाघ मूवमेंट वाले क्षेत्र जूना पानी में नहीं जाए।

**कई किसान देर रात ही कृषि उपज मंडी में मूंग, चने लेकर पहुंच गए थे**

# कृषि उपज मंडी में मूंग, चने की बंपर आवक, मुख्य मार्ग पर लंबी कतार में अपनी बारी का इंतजार कर रहे किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

उपज मंडी मूंग, चना के भाव में आई तेजी के बंपर आवक हुई है। जिसके चलते मूंग, चने बेचने के लिए बड़ी संख्या में किसानों की भीड़ उमड़ पड़ी है। मूंग, चने से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली लेकर किसान कृषि उपज मंडी पहुंचे हैं, जिसके चलते यहां पर करीब 1 किलोमीटर लंबी लाइन लगी हुई है।

**मूंग, चने की बंपर आवक, लगी एक किलो मीटर लंबी लाइन :** भैरूंदा की कृषि उपज मंडी में मूंग,चने की भाव में तेजी बडी हुई है। जिसके चलते मूंग बेचने के लिए बड़ी संख्या में किसानों की भीड़ उमड़ पड़ी है। मूंग से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली लेकर कृषि उपज मंडी पहुंचे हैं। जिसके चलते यहां पर करीब एक किलोमीटर लंबी लाइन लगी हुई है। कई किसान देर रात ही कृषि उपज मंडी में मूंग ,चने लेकर पहुंच गए थे। कृषि उपज



मंडी में मूंग,चने की नीलामी चल रही है और मूंग,चना खरीदा जा रहा है लेकिन बंपर आवक के चलते किसानों को परेशानियों का सामना भी करना पड़ रहा है। लंबी लाइन के चलते मंडी प्रांगण के सभी सेट फूल होने के कारण मुख्य मार्ग पर टैक्टर ट्राली लगाना पड़ रहा हैजिसके कारण आबा गमन प्रभावित हो रहा है और किसान परेशान नजर आ रहे हैं।

**भैरूंदा के आसपास के किसान भी पहुंचे कृषि मंडी :** किसानों ने बताया कि को मंडी में मूंग,चने की बंपर आवक हुई है। मूंग,चने के भाव में तेजी आई जिसके चलते बड़ी संख्या में किसान यहां पर पहुंचे हैं। साथ ही भैरूंदा तहसील के आसपास के भी किसान अपनी उपज लेकर पहुंच गए हैं जिस वजह से लंबी लाइन लगी हुई है। कुछ किसान तो देर रात को ही मंडी पहुंच गए और कुछ सुबह से मंडी गेट के बाहर ही कतारों में खड़े हुए हैं, लेकिन अब तक नंबर नहीं आया है।

10 वार्डबॉय नियमित तो 6 को रोगी कल्याण समिति से दिया जाता है पेमेंट

# जिला अस्पताल में 16 वार्ड बॉय, फिर भी अटेंडर खुद धकाते हैं स्ट्रेचर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिला अस्पताल में व्याप्त अव्यवस्थाएं किसी से छिपी नहीं हैं। कायाकल्प योजना के नाम पर बिल्डिंग को चकपक रखने में लाखों रुपए जरूर खर्च किए गए लेकिन अगर बात मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं की करें तो उन पर रोजाना ही कोई न कोई प्रष्नचिन्ह जरूर लगते रहते हैं।

ऐसा कोई दिन नहीं जाता है जब मीडिया को मरीजों की तरफ से परेषानी, असुविधा, ईलाज में कमी या बदसलूकी की षिकायत न मिलती हों। अगर मेनपावर की बात करें तो स्टाफ की भी कोई कमी नहीं है लेकिन उन पर नियंत्रण का अभाव होने से मरीज हमेंषा परेषान ही रहते हैं। जिला अस्पताल में कहने तो रेगुलर और रोगी कल्याण समिति से मिलाकर कुल 16 वार्डबॉय पदस्थ हैं लेकिन इसके बाद भी स्टेचर पेषेंट के परिजनों को ही धकाना पड़ता है। अगर किसी पेषेंट के साथ अटेंडर/परिजन न हो तो उसकी तो फजीहत ही हो जाती है।

**कभी-कभी अफसरों में सेवा में जरूर नजर आ जाते हैं वार्डबॉय**



### नियमित 10 एवं रोकस से 6 वार्डबॉय तैनात

जिला अस्पताल में वार्डबॉय के कुल 37 पद स्वीकृत हैं। इनमें से 10 वार्डबॉय कार्यरत हैं। कमी को देखते हुए अस्पताल प्रबंधन ने रोगी कल्याण समिति के जरिए 6 और वार्डबॉय पदस्थ किए हुए हैं लेकिन इन 16 में से कभी-कभार ही कोई स्टेचर को लाने ले जाने या धकाने का काम करता नजर आता है। दुर्घटना में घायल मरीजों को एम्बुलेंस का स्टाफ, परिजन या साथ आए व्यक्ति ही खींचते हुए ओटी तक पहुंचाते हैं।

### कुछ वार्डबॉय कर रहे अफसरों की चाकरी

जिन 16 वार्डबॉय की हम यहां बात कर रहे हैं उनमें से कुछ को कई बार अस्पताल के ही अफसरों के निजी कार्यों को करते देखा गया है। हरिभूमि के पास इसके सबूत भी हैं। अगर अफसरों की चाकरी करने के बजाय इन कर्मचारियों को मरीजो की देखभाल, सेवा में लगा दिया जाए तो बहुत सी परेषानियां खत्म हो सकती हैं। परन्तु अफसर, चाहते ही नहीं हैं कि मरीजों को अच्छी सेवाएं दी जाएं।

### कान की समस्या दिखाने पहुंचा पेशेंट पर डॉक्टर ही नहीं

वार्डबॉय की समस्या के अलावा चिकित्सकों की लापरवाहियां भी जिला अस्पताल में जगजाहिर हैं। बुधवार को पारायण चैक के समीप निवासरत षिक्षक हरीष शर्मा अपने कान की समस्या दिखाने जिला अस्पताल पहुंचे थे। ओपीडी समय में ईएनटी(ईयर, नोज, टंग स्पेषलिस्ट) को वहीं बैठा हुआ होना चाहिए था लेकिन वे थे ही नहीं।

वार्ड बॉय के कितने पद

| स्वीकृत | पदस्थ |
|---|---|
| 37 | 10(नियमित) |
| 06 | 06(रोकस से) |

पानी की बॉटल ठंडी न होने की बात पर हुई मारपीट

# दुकान कर्मचारी को पीटने वाले सब-इंसपेक्टर पर एफआईआर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़-जीरापुर

वर्दी के जोश में आकर आपा खाने वाले पुलिस कर्मचारियों के उदाहरण जिले में कई बार देखने मिल चुके हैं। ताजा मामला जीरापुर नगर है जहां मंगलवार शाम खरीदी गई बॉटल ठंडी न होने की बात परएक सब-इन्सपेक्टर इतने अधिक उग्र हो गए कि उन्होंने दुकान में आकर कर्मचारी पर हाथ उठा दिया वहीं उनके बेटे ने कर्मचारी पर बॉटल फेंककर मारी।

यह पूरा माजरा दुकान में लगे सीसीटीवी में भी कैद हुआ जिसका वीडियो वायरल हो गया। वीडियो में स्पष्टतः एसआई की गलती नजर आने के बाद भी संबंधित पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। बुधवार अपरान्ह जब जीरापुर के मीडियाकर्मी षिकायत लेकर पुलिस अधीक्षक के पास पहुंचे तब कहीं जाकर एसआई और उनके बेट पर एफआईआर दर्ज हो पाई।

### यह लिखा है एफआईआर में

जीरापुर निवासी श्यामसुंदर जायसवाल भावसार बुक स्टॉल पर कार्य करते हैं। यहां से दो दिवस पूर्व एक पानी की बॉटल खरीदी गई थी लेकिन वो पानी ठंडा नहीं था। इसी बात पर मंगलवार शाम को एसआई रामलाल आजाद व उनका पुत्र आए और पुत्र ने वह बॉटल फेंककर मार दी। बात यहीं खत्म नहीं हुई। एसआई श्री आजाद दुकान में घुसे और श्यामसुंदर पर हाथ उठा दिया। दुकान मालिक योगेष द्वारा बीच-बचाव किया गया। बाद में थाने में षिकायत हुई लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। \ बुधवार को मीडियाकर्मी षिकायत और तत्संबंधी सीसीटीवी फुटेज लेकर एसपी ऑफिस पहुंचे और षिकायत दर्ज करवाई। इसके बाद जीरापुर पुलिस ने एसआई रामलाल आजाद व बेटे पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

मंडी व्यापारी भी बड़ी मात्रा में कर रहे खरीद फरोख्त
रात के अंधेरे में निकालते हैं गाड़ी

# जिम्मेदारों के उदासीन रवैए से सरकारी पीडीएस की हो रही कालाबाजारी !

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

इन दिनों सरकारी चावल की जमकर कालाबाजारी हो रही है। जिले भर में सडकों पर बैठे आडतिए बैठे है जो गरीबों को लालच देकर उनके हिस्से का निवाला अमीरों की झोली में डालकर अपनी दलाली निकाल कर रहे है। उल्लेखनीय है कि शहर सहित अंचल में हजारों परिवारों को फ्री का राशन उपलब्ध कराने के लिए सैकड़ों राशन दुकानें संचालित है। शासन की योजना के मुताबिक यहां अंत्योदय, निराश्रित, अन्नपूर्णा, प्राथमकिता वाले तथा निरूशक्तजनों को सस्ते दर पर चावल, शक्कर, गेहूं आदि सामग्रियां उपलब्ध कराया जाता है। सूत्रों की माने तो सफेद चावल के काले कारोबार में कई मंडी व्यापारी भी लिप्त है।

### बीपीएल परिवार के राशन की अधिक कालाबाजारी

बीपीएल श्रेणी के पात्रता रखने वाले हितग्राहियों को अलग-अलग योजना के तहत चावल, शक्कर और गेहूं प्रदान किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य गरीबों को भरपेट भोजन उपलब्ध कराना है।



जानकारी के अनुसार बीपीएल श्रेणी के उपभोक्ताओं को प्रति सदस्य 5 किलो के मान से गेहूं चावल,शकर प्रदान किया जा रहा है। पीला राशन कार्डधारी सदस्य को लगभग 35 किलो गेहूं चावल शक्कर प्रदान किया जाता है, लेकिन उनके हिस्से का अधिकांश राशन की कालाबाजारी हो रही है।

### सस्ता खरीद कर महंगा बेच रहे राशन

सूत्रों के अनुसार बीपीएल कोटे का चावल सस्ते दामों में खरीद कर उसे 20 से 25 रुपए में बेच रहे हैं। ऐसी जानकारी मिली है कि अधिकांश राशन दुकानों से राशन कार्डधारी चावल नहीं ले जाते। वे राशन दुकानों में आते हैं और फिंगर प्रिंट देने के बाद 18 रुपए की दर से चावल का पैसा ले लेते हैं। बाद में इसे दलाल के माध्यम से राशन मिलों में अधिक दामों में बेच दिया जाता है।

### मंडी व्यापारी भी हैं शामिल

विश्वसनीय सूत्रों की माने तो सफेद चावल के इस काले कारोबार में सारंगपुर शहर के कई मंडी व्यापारी भी शामिल है। जो छोटी दुकानदारों से क्वंटलो की मात्रा में पीडीएस चावल खरीद कर रात के अंधेरे में सारंगपुर अकोदिया नाका पाडल्या रोड़ सहित अनेक स्थानों से गाडियां भरकर निकाल रहे है। ऐसा नही है की इस बात की जानकारी स्थानीय अधिकारियों को नही है, बल्कि ये सब इनकी मिलीभगत से हो रहा है ।

### करेंगे कार्रवाई

खाद्य विभाग के अधिकारी को बोलकर दिखवा लेता हूं। पीडीएस चावल की कालाबाजारी हो रही है तो सख्त कार्रवाई करेंगे।

**संजय उपाध्याय एसडीएम सारंगपुर।**

# कैवल्य योग आश्रम धूना दोलाज में धूमधाम से मनाया गंगा सप्तमी पर्व



**छापीहेड़ा।** पूरा भारत देश सनातन से ही अपने सनातन पर्व मनाता आया हैं इसी क्रम में गंगा सप्तमी के पर्व के उपलक्ष्य में साधकों द्वारा सार्थक कार्यक्रम संपन्न हुआ प्रारम्भ गुरूदेव वाचस्पति स्वामी रघुनाथानन्द अवधूत जी एवं वटुको द्वारा मां गाड़गंगा के तट पर पूजन कराया गया आरती की गई गंगा मैया को साधको द्वारा करीब पचास मीटर साड़ी गंगा मैया को अर्पित की गई इसके पश्चात गुरूदेव ने अपने उद्बोधन में बताया कि आज के युग मे समाज इतना व्यस्त है कि वह अपनी सनातन संस्कृति को भुलता था रहा है तब आने वाली संतानो को याद रखना और कठिन होगा इसीलिए आश्रम ने यह निर्णय लिया हैं कि हम सनातन के प्रत्येक पर्व परिवार सहित मनायेगे आज गंगा सप्तमी के बारें में गंगा जी की उत्पत्ती एवं भागीरथ थी द्वारा इस धरा पर अवरित कराने की कथा विस्तार पूर्वक कहीं गई अन्त सब लोगों का सामुहिक भोजन प्रसादी हुआ कार्यक्रम का समापन वेद मन्त्रो द्वारा किया गया।

आचार्य दक्षता वर्ग में दिया उद्बोधन

# भारतीय शिक्षा पद्धति ने सभी क्षेत्रों में विश्व को सर्वश्रेष्ठ विद्वान दिए: श्रीराम अरावकर



**ब्यावरा।** विद्या भारती द्वारा संचालित आचार्य दक्षता वर्ग ब्यावरा में आज संवाद सत्र में विद्या भारती के अखिल भारतीय सह संगठन मंत्री श्रीराम अरावकर ने भारत का सांस्कृतिक स्वरूप विषय पर उद्बोधन दिया उन्होंने कहा भारतीय शिक्षा पद्धति ने सभी क्षेत्रों में विश्व को सर्वश्रेष्ठ विद्वान दिए हैं। भारतीय संस्कृति और दर्शन का विश्व में बड़ा प्रभाव रहा है तथा इसे सहज कर रखना और अगली पीढ़ी को हस्तांतरित करना उस पर शोध कार्य होना अति आवश्यक है भारतीय शिक्षा नीति छात्रों को भारतीय जड़ों और गौरव को बांधने का कार्य करेगी संस्कृति किसी समाज में गहराई तक व्याप्त गुणों के समग्र स्वरूप का नाम है जो उस समाज के सोचने विचारने कार्य करने के स्वरूप में अतः निहित होना है प्राचीन भारत में शिक्षा का लक्ष्य सांसारिक जीवन नहीं बल्कि आत्मज्ञान और मुक्ति देना माना गया है आज का ज्ञान अर्थ और काम का सृजन है।

महिला के माता-पिता ने ससुराल वालों पर लगाया हत्या का आरोप

# पेड़ पर लटकी मिली गर्भवती महिला की लाश

**खिलचीपुर** खिलचीपुर के भूमरिया में एक नवविवाहित महिला की संदिग्ध परिसस्थितियों में मौत हो गई। वह 4 माह की गर्भवती थी। घटना मंगलवार शाम की है। बुधवार को सुबह खिलचीपुर अस्पताल में शव का मोस्टमार्डम किया । मायके पक्ष ने पति सहित ससुराल वालों पर हत्या करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। जबकि ससुराल पक्ष के लोगो का कहना है कि माया ने फांसी लगाकर आत्महत्या की है । भोजपुर पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर जांच में लिया है। जानकारी के मुताबिक शादी के दो महीने तक सब ठीक चला । लेकिन कुछ महीने बाद मेरे भतीजी माया को उसका पति और ससुराल वाले परेशान करने लगे । कई बार उसके साथ मारपीट भी की, विवाद की खबर मिलने पर में खुद 2 से 3 बार वहां गया था । लेकिन ससुराल वालों के डर की वजह से वह हमारे साथ आने से मना कर देती थी । माया के चाचा सुल्तान के फोन पर समधी बाबूलाल के नम्बर से फोन आया ,यहां फोन माया के पति तेजमल ने लगाया था । उसने सुल्तान को फोन पर बताया की माया ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। यहां सुनते ही उसके पैरों तले जमीन खिसक गई । उसने घटना के बारे में अपने परिजनों को बताया और माया के पिता राम चन्दर , चाचा और परिवार के लोग धामन्या जोगी गांव से वाहन में सवार होकर भूमरिया पहुचे । जहा उनकी बेटी के ससुराल में घर के कमरे में माया का शव पड़ा हुआ था । माया 4 माह की गर्भवती थी । घटना के बाद मौके पर पहुचे माया के मायके वालों ने डायल 100 पर घटना की सूचना दी । जिसके बाद पपडेल पुलिस मौके पर पहुची। पपडेल चैकी प्रभारी अर्जुन सिंह ने बताया कि मंगलवार की शाम सवा 5 बजे मृत महिला माया के पति तेजमल विश्वकर्मा ने पपडेल पुलिस चैकी पर पहुंच कर बताया कि उसकी पत्नी ने घर मे फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली है। जब पुलिस मौके पर पहुची तो तेजमल के कमरे में उसकी पत्नी का शव पड़ा हुआ था । मर्ग कायम कर पुलिस मामले के हर पहलुओं पर जांच शुरू कर दी है।

सात दिवसीय भागवत कथा का सुदामा चरित्र के साथ हुआ समापन

# श्रीकृष्ण जन्मोत्सव प्रसंग पर भक्ति की सरिता में बहे श्रद्धालु



**राजगढ़।** स्थानीय पारायण समिति में चल रही सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा में मंगलवार रात्रि व्यासपीठासीन संत द्वारा श्रीकृष्ण जन्म की कथा का मार्मिक बखान किया गया। यषोदा के घर भगवान कृष्ण के बालरूप आगमन की कथा श्रृद्धालुओं को श्रवण करवाई गई। भगवान के जन्म का प्रसंग आने पर कथा पांडाल में जन्म का उत्सव बर्थडे की तरह मनाया गया। श्रृद्धालुओं का भाव-विभोर होकर नृत्य किया एवं सभी भगवान कृष्ण की लीलाओं को मंत्रमुग्ध होकर सुनते नजर आए। जिले के आयकर अधिकारी बी.एस. मीणा भी कथा पांडाल पहुंचे और कथावाचक संतश्री नागर से आर्षिवाद लिया। गत 10 मई से आरंभ हुई कथा का गुरुवार को सुदामा चरित्र के साथ समापन हुआ। पूर्व के वर्षों में यहां रात्रि की कथा में जिस तरह सैंकड़ों भक्त आया करते थे उसी तरह इस कथा का आनंद श्रृद्धालु महिला-पुरुषों द्वारा उठाया जा रहा है।

वैन जलकर खाक, कोई जनहानि नहीं

# चलती मारुति वैन में अचानक लगी आग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

नगर से निकलने वाले संडावता पाडल्या मार्ग पर मंगलवार रात्रि को सारंगपुर की और से संडावता की ओर जा रही मारुति वैन क्रमांक एम पी 13 बी ए 1682 में अचानक आग लग गई वैन में सवार लोगों को जैसे तैसे बाहर निकाल तथा पुलिस एवं फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई नगर पालिका के पानी के टैंकर ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया लेकिन तब तक मारुति वैन जलकर खाक हो चुकी थी। हालांकि वैन में सवार सभी लोग सुरक्षित बच गए कोई जनहानि नहीं हुई । वही खबर लिखें जाने तक मारुति वैन चालक ने पुलिस थाने में कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई, यह भी गनीमत रही की मारुति वैन में लगा गैस सिलेंडर फटा नहीं था नहीं तो कोई बड़ा हादसा हो सकता था।

समय पर इलाज न मिलने के चलते हुई मौत की जांच सीमा 9 मई थी, लेकिन जांच दल ही 14 मई की रात को पहुंचा माचलपुर

# सुस्त अधिकारियों के भरोसे जिले का स्वास्थ्य महकमा, जांच समय-सीमा निकलने के आठ दिन बाद जागे सीएस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा-माचलपुर

जब विभाग का मुखिया ही इतना सुस्त हो की कोई जांच जो 9 मई तक पूरा होना थी और उसके लिए 2 मई को टीम गठित कर दी गई थी फिर भी यदि समय सीमा के 7 दिन बाद जांच शुरू होती है तो विभाग की कार्यशैली पर प्रश्नचिन्ह लगना लाजमी है। उल्लेखनीय है की लगभग बीस दिनों पहले माचलपुर अस्पताल में पदस्थ डाक्टरों द्वारा यहां के एक स्थानीय मरीज शिव मालाकार का इलाज करने से साफ इंकार कर दिया गया था। मरीज को झालावाड़ ले जाते समय रास्ते में ही मौत हो गई थी। उक्त मामले को मीडिया द्वारा प्रमुखता से उठाया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ किरण वाडिवा द्वारा 2 मई को जांच टीम गठित कर 7 दिवस में जांच प्रतिवेदन मांगा गया था। लेकिन जांच दल द्वारा जांच की समय सीमा को ताक में रखकर निर्धारित समय सीमा से 5 दिन बाद 14 मई की रात में जांच की गई।

**2 घंटे से ज्यादा चली पूछताछ, सीएस बोले जांच प्रतिवेदन सीएमएचओ को सौंपेंगे**

### यह थे जांच दल के जिम्मेदार

डॉ नितिन पटेल, सिविल सर्जन, डॉ राजीव हरिऔध जिला क्षय अधिकारी,डॉ महेन्द्र पाल सिंह जिला एपिडिमियोलाजिस्ट और संदेश वैध। सीएमएचओं ने 2 मई को एम आदेश जारी करते हुए अगले 7 दिनों में मामले की जांच रिपोर्ट देने को कहा था परंतु सभी जिम्मेदारों ने भी न ही तो सीएमएचओ का ही आदेश माना और न ही जांच को ही गंभीरता से लिया। क्या सीएमएचओ इस लापरवाही के लिए संबंधितों पर कारण बताओं नोटिस जारी करेंगी या फिर यहां पर भी भाई भतीजा वाद चलेगा यह देखना होगा।

### क्या था मामला

माचलपुर शासकीय अस्पताल में पदस्थ डाक्टरों द्वारा मरीज का इलाज ना करने की वजह जीरापुर ब्लॉक के तत्कालीन बीएमओ द्वारा रखी गई हड़ताल रही थी। प्राथमिक उपचार ना मिलने पर झालावाड़ लेजाते समय रास्ते में मरीज शिव मालाकार की मौत हो गई थी। मरीज के परिजनों का आरोप था कि हमने माचलपुर शासकीय अस्पताल में पदस्थ दोनों डाक्टरों से इलाज



की गुहार लगाई थी लेकिन प्राथमिक उपचार तो छोड़ो एक गोली भी नहीं दी गई थी। डाक्टर अमर सिंह धार्वे द्वारा इलाज से मना करने और हड़ताल पर रहने की बात का विडियो सोशल मीडिया पर भी जमकर वायरल हुआ वहीं उक्त घटना समाचार पत्रों की भी सुर्खियां बनी थी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ किरण वाडिवा द्वारा राजगढ़ जिला अस्पताल में पदस्थ सिविल सर्जन डॉ नितिन पटेल, डाक्टर महेंद्रपाल सिंह, जिला क्षय अधिकारी डाक्टर राजीव हरिऔध सहित जीरापुर अस्पताल के लिपिक संदेश वैद्य को जांच दल में शामिल किया गया था। डाक्टर राजीव हरिऔध कहीं ट्रेनिंग में होने की वजह से सिविल सर्जन डॉ नितिन पटेल, डाक्टर महेंद्रपाल सिंह,एवं लिपिक संदेश वैद्य द्वारा माचलपुर शासकीय अस्पताल में पदस्थ डाक्टर भरत शाक्य, डाक्टर अमरसिंह धार्वे एवं मृतक के पुत्र पवन मालाकार सहित परिजनों के बयान लिए गए।

### ढाई घंटे तक चली पूछताछ

माचलपुर शासकीय अस्पताल में उक्त मामले की जांच हेतु मंगलवार 14 मई को शाम 8 बजे से लेकर रात को लगभग साढ़े दस बजे तक जांच दल के सिविल सर्जन डॉ नितिन पटेल, डाक्टर महेंद्रपाल सिंह,संगणक संदेश वैद्य एवं बीएमओ डॉ सुनील चैरसिया की मौजूदगी में बंद कमरे में सर्व प्रथम मृतक के पुत्र पवन मालाकार से पुछताछ कर उसके बयान नोट किए गए। वहीं डाक्टर अमरसिंह धार्वे एवं डाक्टर भरत शाक्य से भी पुछताछ कर दोनों के बयान नोट किए गए।

### प्रतिवेदन देंगे

हमने मृतक के पुत्र पवन मालाकार सहित डाक्टर अमरसिंह धार्वे एवं डाक्टर भरत शाक्य के बयान लिए हैं। हम तो सीएमएचओ को प्रतिवेदन सौंप देंगे।

**डाक्टर नितिन पटेल ,सिविल सर्जन राजगढ़**

## खबर संक्षेप

### 8 जून को होगी 12वीं की पूरक परीक्षा

**सीहोर।** माध्यमिक शिक्षा मंडल ने हाई स्कूल और हायर सेकंडरी स्कूल की पूरक परीक्षा का टाइम टेबल जारी कर दिया है। 12वीं बोर्ड के सभी विषयों की पूरक परीक्षा 8 जून को होगी। जबकि 10वीं बोर्ड की पूरक परीक्षाएं 10 जून से शुरु होंगी। यह 19 जून तक चलेंगी। 10वीं की पूरक परीक्षा में पहला पर्चा हिंदी विषय का होगा। इसके बाद उर्दू, मैथ्स, इंग्लिश, संस्कृत, सामाजिक विज्ञान और विज्ञान के पेपर होंगे। परीक्षा का समय सुबह 8 बजे से 11 बजे तक रहेगा। छात्र पूरा परीक्षा कार्यक्रम मंडल की वेबसाइट पर देख सकते हैं। 12वीं की प्रायोगिक परीक्षा उसी दिन थ्योरी पेपर होने के बाद आयोजित की जाएगी।हायता राशि शासन द्वारा दी जा रही है। आष्टा में अब तक 18 लोगों ने यह राशि पाने के लिए आवेदन किए हैं।

### सीबीएसई : नंबर सत्यापित करने का शेड्यूल जारी

**सीहोर।** एमपी बोर्ड के बाद अब सेंट्रल बोर्ड आफ सेकेंडरी एजुकेशन (सीबीएसई) द्वारा परीक्षा परिणाम घोषित करने की तैयारी की जा रही है। दोनों कक्षाओं का परिणाम 20 मई के बाद घोषित होने की संभावना है। इससे पहले बोर्ड परीक्षाओं के नंबर सत्यापित करने का शेड्यूल जारी कर दिया गया है। इसके तहत परीक्षा परिणाम घोषित होने के चौथे दिन प्रक्रिया प्रारंभ होकर निर्धारित अवधि में बंद कर दी जाएगी। सीबीएसई द्वारा 10वीं और 12वीं के छात्रों के लिए बोर्ड परीक्षा के अंकों को सत्यापित करने का नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है। इसके तहत ऐसे सभी छात्र जो अपने रिजल्ट से संतुष्ट नहीं होंगे या अफसरों द्वारा आधिकारिक तौर पर परिणाम घोषित किए जाने के बाद 10वीं व 12वीं की बोर्ड परीक्षा के अंकों के बारे में कोई संदेह है, तो वह ऐसी स्थिति में अंक सत्यापन के विकल्प का लाभ उठा सकेंगे। सीबीएसई बोर्ड द्वारा रिजल्ट 20 मई के बाद जारी किया जा सकता है। रिजल्ट घोषित होने पर छात्र ऑफिशल वेबसाइट पर रिजल्ट देख सकेंगे। इसके लिए प्रक्रिया रिजल्ट घोषित होने के चौथे दिन से शुरू होगी और परिणाम घोषित होने की तारीख से आठवें दिन समाप्त होगी। इस तरह से 5 दिन तक यह सुविधा मिलेगी। कॉपियों के पुनर्मूल्यांकन की प्रक्रिया परीक्षा परिणाम की तारीख से 24 वें दिन से शुरू होगी और परिणाम घोषित होने की तारीख से25वे दिन समाप्त होगी।

### डीएलएड पाठ्यक्रम के लिए प्रवेश प्रक्रिया की अंतिम तिथि 26 मई

**सीहोर।** प्रदेश के समस्त जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान तथा अशासकीय महाविद्यालयों में डीएलएड पाठ्यक्रम में शिक्षण सत्र 2024-25 के लिये पंजीयन की प्रक्रिया 13 मई, 2024 से एम पी ऑनलाईन के माध्यम से शुरू कर दी गई है। संस्थानों में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थी राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल की वेबसाइट https://rsk.mponline.gov.in/ पर जाकर प्रवेश संबंधी समस्त जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इसके बाद वे अपना ऑनलाइन पंजीयन कर सकते है। प्रथम चरण के पंजीयन की अंतिम तिथि 26 मई 2024 निर्धारित की गई है।

## आज किया जाएगा श्रीराम कथा का समापन

# भगवान रामजी का पूरा जीवन आदर्शों, संघर्षों से भरा पड़ाः महंत उद्धावदास महाराज

राजा दशरथ ने बड़े ही दुखी हृदय के साथ श्रीराम चंद, माता सीता व लक्ष्मण को चौदह साल के वनवास पर जाने की अनुमित दी। इसके बाद भगवान श्रीराम चंद, माता सीता व लक्ष्मण वन-वन भटकते रहे।



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

भगवान रामजी का पूरा जीवन आदर्शों, संघर्षों से भरा पड़ा है उसे अगर सामान्यजन अपना ले तो उसका जीवन स्वर्ग बन जाए। मानवता के उद्धार के लिए भगवान श्रीराम वन गए थे। उक्त बात शहर के शुगर फैक्ट्री स्थित सीहोर चित्रांश समाज के तत्वाधान में जारी संगीतमय नौ दिवसीय श्रीराम कथा के दौरान महंत उद्धावदास महाराज ने कहे।

उन्होंने कहा कि राजा दशरथ ने बड़े ही दुखी हृदय के साथ श्रीराम चंद्र, माता सीता व लक्ष्मण को चौदह साल के वनवास पर जाने की अनुमित दी। इसके बाद भगवान श्रीराम चंद्र, माता सीता व लक्ष्मण वन-वन भटकते रहे। इसी दौरान जगत के पालनहार मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम को गंगा पार करने के लिए केवट की मित्रता करनी पड़ी। केवट ने भगवान श्रीराम को गंगा पार करवाने से पहले उनके चरण धोकर चरण अमृत पीने की जिद पकड़ ली। भगवान श्रीराम द्वारा बार-बार केवट की जिद करने के बाद भी उसने भगवान की एक न मानी और आखिरकार भगवान को इस बात पर राजी कर ही लिया। इसके बाद केवट ने भगवान श्रीराम जी के चरण धोकर खुद भी चरण अमृत का पान किया और साथ-साथ ही साथ गांववासियों को भी बुलाकर उन्हें अमृत पान करवाया।

### रघुकुल रीति सदा चल आई, प्राण जाई पर वचन न जाई

उन्होंने कहा कि अयोध्या के कोपभवन में कैकेयी ने राजा दशरथ से दो वचन मांगा। जिस पर राजा दशरथ ने कहा कि रघुकुल रीति सदा चल आई, प्राण जाई पर वचन न जाई, यह सुनते ही कैकयी ने राजा दशरथ से दो वचनों में से, पहला वचन अपने पुत्र भरत को अयोध्या की राजगद्दी तथा दूसरा प्रभु श्रीराम को 14 वर्ष का वनवास। यह वचन सुनते ही महाराजा दशरथ के होश उड़ गए, जब प्रभु श्रीराम इस बात से अवगत हुए, तो वह पिता के वचन को निभाने के लिए वन जाने को सहर्ष तैयार हो गए। माता सीता व लक्ष्मण के साथ वन को चल दिए।

महंत उद्धावदास महाराज ने आगे कहा कि भगवान रामचंद्र ने अपने साथ आए मंत्री सुमंत को समझाकर रथ लेकर वापस राजा दशरथ के पास जाने के लिए रवाना किया। उसके बाद सीता, लक्ष्मण व निषादराज के साथ गंगा तट पर आए। केवट को गंगा पार जाने के लिए नाव लाने को कहा तो केवट ने लाने से इनकार कर दिया। उसने कहा कि है नाथ मैं चरणकमल धोकर ही आप लोगों को नाव में चढ़ाऊंगा। फिर प्रभु की आज्ञा पाकर उसने एक लकड़ी के कठौते में पानी लाकर प्रभु के चरण कमलों को धोकर उस जल को पूरे परिवार को पी लिया। इसके बाद अपने पितरों को भवसागर से पार कराकर प्रभु को गंगा पार कराया। केवट को प्रभु राम उतराई में रत्नजड़ित अंगूठी देने लगे तो केवट ने नाव पार कराई नहीं ली। केवट ने कहा कि लौटते समय आप मुझे जो देंगे, उसे प्रसाद समझकर मैं सिर चढ़ाकर लूंगा। इसके बाद सीता ने गंगा मइया से आशीर्वाद लिया व प्रभु ने गणेश और शिव का स्मरण कर गंगा को शिश झुकाकर सखा निषादराज, लक्ष्मण व सीता के साथ वन के लिए चले। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिलाध्यक्ष प्रदीप कुमार सक्सेना ने बताया कि शहर के शुगर फैक्ट्री स्थित भगवान चित्रगुप्त मंदिर परिसर में चित्रांश समाज के द्वारा नौ दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा है। रात्रि आठ बजे से जारी कथा का समापन शुक्रवार की देर रात्रि को किया जाएगा।

## सरकारी भूमि पर लोगों ने बनाया धार्मिक स्थल, प्रशासन ने हटाया



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

बुदनी के वार्ड नं 7 में कुछ दिन पहले शासकीय भूमि पर वार्ड वासियों द्वारा बनाए धार्मिक स्थल को बुधवार को प्रशासन की संयुक्त टीम ने हटाया। वार्डवासियों ने प्रशासन की इस कार्रवाई का विरोध करते हुए निंदा की है। बता दें कि कुछ दिन पूर्व वार्ड के रहवासियों ने यहां धार्मिक प्रतीक स्थापित किया था। ऐसे में रहवासियों ने चबूतरा बनाया था। जिसकी सूचना प्रशासन को मिली थी। बुधवार को प्रशासन ने एक संयुक्त टीम बनाई जिसने मौके पर पहुंचकर जेसीबी से चबूतरे को तोड़ दिया। बताया जाता है कि यहां लंबे समय से खाली जगह पड़ी थी। रहवासियों ने पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को भी पत्र लिखकर मंदिर निर्माण के लिए भूमि आवंटित करने की मांग उठाई थी। जिसके बाद रहवासियों ने ही यहां चबूतरा बनाकर एक प्रतिमा स्थापित कर दी थी। यहां वार्डवासियों द्वारा पूजा-अर्चना भी शुरु कर दी गई थी।

### मदरसा बोर्ड के परीक्षा आवेदन-पत्र 25 जुलाई तक भरे जा सकेंगे

**सीहोर।** मदरसा बोर्ड की हाई स्कूल और हायर सेकेण्डरी उर्दू माध्यम परीक्षा सत्र 2024 के लिये परीक्षा आवेदन-पत्र अधिकृत अध्ययन केन्द्रों के माध्यम से ऑनलाइन भरे गये थे अब बोर्ड ने नियत आवेदन तिथि को बढ़ाया है और बिना विलम्ब शुल्क के आवेदन-पत्र 25 जुलाई, 2024 तक भरे जा सकेंगे। ऑनलाइन आवेदन में त्रुटि-सुधार की तिथि अब 31 जुलाई, 2024 निर्धारित किया गया है। इस संबंध में बोर्ड के फोन नम्बर 0755-2735931, 2731437 और 2737362 से भी जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

## मेडिकल संचालक से मारपीट करने वाला बदमाश गिरफ्तारःदेशी कट्टा और जिंदा कारतूस भी मिले

**सीहोर।** पुलिस ने मेडिकल संचालक के साथ देशी कट्टा हवा में लहराकर मारपीट करने वाले आरोपी देवा गुर्जर को दबोच लिया है। आरोपी के पास जिन्दा कारतूस भी मिले। जानकारी के अनुसार 9 मई को चरनाल निवासी सुरज गौर ने थाना अहमदपुर में शिकायत की थी कि वो अपने साथी महेश गौर व सुनील गोर के साथ बांसिया गया था। बांसिया से वापस लौटते समय रात करीब 9.30 बजे जैसे ही हम अपनी यामाहा बाइक से चांदबड़ मैन रोड पर दिनेश सेन की दुकान के पास पहुंचे। वहां अचानक देवा गुर्जर पिता हाकम व विनय सिंह गुर्जर ने सामने आकर हमारी बाइक रोक ली और बोले बहुत नेता बनते हो और देवा गुर्जर ने हाथ में लिए डंडे से मारा, देवा गुर्जर ने महेश गोर के सिर में डंडा मारा। मामले में थाना प्रभारी अहमदपुर अविनाश भोपले ने बताया कि आरोपी अपराधी प्रवृत्ति का होने से लगातार पुलिस से छिपने के लिए ठिकाने बदल रहा था। मुखबिर की सुचना पर आज मुख्य आरोपी देवेन्द्र उर्फ गुर्जर को गिरफ्तार कर लिया गया।

## किसान के घर हुई चोरी का नहीं लगा सुराग

**आष्टा।** नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में हो रही चोरियों का पुलिस कोई सुराग नहीं लगा पा रही हैं। यही वजह है कि 5 दिन पूर्व पार्वती थाना अंतर्गत गांव शंभू खेड़ी में एक किसान के यहां से अज्ञात चोर घर में घुसकर नकदी व सोने चांदी के जेवर सहित अलमारी उठाकर ले गए थे इसकी थाने में रिपोर्ट दर्ज करने के बाद भी पुलिस अभी तक चोरों का कोई सुराग नहीं लगा सकी है।

शंभू खेड़ी गांव निवासी फरियादी जगन्नाथ पिता जोरावर सिंह उम्र 68 वर्ष ने 12 मई को पार्वती थाना आष्टा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें उसने बताया कि 11 मई को रात में 11:30 बजे घर के सभी सदस्य खाना खाकर अपने-अपने कमरों में सो गए थे। वहीं एक कमरे में जहां गोदरेज अलमारी रखी थी वहां पर पोता गोविंद एक अन्य बनवारी सो रहे थे। इस बीच में रात के समय अज्ञात चोरों ने उनके घर वाले, जहां सो रहे थे वहां की कुंडी लगा दी थी।

अलमारी को उठाकर घर से कुछ दूरी पर ले गए व उसका ताला तोड़कर 2 लाख 25 हजार रुपए और सोने चांदी के आभूषण आदि चुरा कर ले गए।

## नालियों की सफाई कर वहीं छोड़ रहे मलबा

**आष्टा।नगर** में बारिश से पहले नगर पालिका द्वारा नाले व नालियों की सफाई अभियान चला रही है। जिससे बारिश में नगर से पानी निकासी हो सके। साथ ही नगर में जल भराव की समस्या लोगों को नहीं उठानी पड़े। जबकि सफाई कर्मचारियों की लापरवाही के कारण निकलने वाले मलबे का वहीं पर ढेर लगाए जा रहा है।



मस्जिद अमजद बेग के सामने पिछले तीन दिनों से नाले से निकाला हुआ कचरा मस्जिद के सामने पड़ा हुआ है। जिससे नमाजी परेशान हैं। वहीं बदबू और गंदगी के कारण लोगों का निकलना मुश्किल हो चुका है। अब कचरा पूरी तरह सूख चुका है जो तेज हवा के कारण पूरे मोहल्ले में उड़कर जा रहा है।

## कृषकों के लिए अल्पकालीन फसल ऋण की देय तिथि 31 मई तक बढ़ाई गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

राज्य शासन ने केवल उपार्जन से संबंधित कृषकों के लिए खरीद 2023 सीजन में वितरित किए गए अल्पकालीन फसल ऋण की देय तिथि बढ़ाकर 31 मई 2024 नियत की है।

पहले यह तिथि 30 अप्रैल निर्धारित थी। सरकारी बैंकों के माध्यम से कृषकों को अल्पकालीन ऋण पर ब्याज अनुदान योजना अंतर्गत वर्ष 2023-24 में शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर किसानों को अल्पावधि फसल ऋण दिये जाने की योजना निरन्तरता के संबंध में भी निर्देश जारी किये गये हैं। योजनान्तर्गत खरीफ 2023 सीजन में वितरित अल्पकालीन फसल ऋण की देय तिथि (डयू डेट) 28 मार्च, 2024 को बढ़ाकर 30 अप्रैल, 2024 करने के आदेश सहकारिता विभाग ने प्रसारित किये हैं। किसानों को उपार्जित फसल की देय राशि प्राप्त होने में तकनीकी आदि कारणों से विलंब को दृष्टिगत रखते हुए राज्य शासन द्वारा निर्णय लिया गया है कि केवल ऐसे कृषकों जिनके द्वारा निर्धारित डयू डेट 30 अप्रैल, 2024 तक समर्थन मूल्य पर अपने विभिन्न फसलों जैसे - गेहूं, चना, मसूर, सरसों आदि का विक्रय किया गया है एवं उन्हें उनके उपज विक्रय की राशि का भुगतान प्राप्त नहीं हुआ है तथा उपार्जन की निर्धारित अंतिम तिथि तक उक्त फसलों का विक्रय करने वाले शेष किसानों के लिए शून्य प्रतिशत ब्याज दर योजनान्तर्गत खरीफ 2023 सीजन की निर्धारित डयू डेट 30 अप्रैल, 2024 को बढ़ाकर 31 मई, 2024 किया जायेगा।

## आष्टा मंडी में सोयाबीन के भाव में तेजीः महीनों बाद 5801 रुपए बिका, इसी तरह भाव बढ़े तो किसानों को होगा फायदा

**आष्टा।** मंडी में सोयाबीन के भाव में तेजी देखी गई है सोयाबीन के भाव लगातार बढ़ते ही जा रहे हैं महीनों बाद 5801 रुपए बिका है कृषि उपज मंडी में लगातार उपज की आवक भी ज्यादा हो रही है। सबसे ज्यादा किसान गेहूं ला रहे हैं क्योंकि इस समय भाव भी अच्छा मिल रहे है।इसी तरह भाव बड़े तो जिन किसानों ने रोककर रखा सोयाबीन उनको होगा फायदा।



बता दे की पिछले साल अक्टूबर, नवंबर महीने में सोयाबीन की उपज किसानों के हाथ में आते ही इसके भाव कम हो गए थे। कई किसानों ने पैसे की आवश्यकता के चलते उसी समय सोयाबीन बेच दिया तो वही कुछ ने भाव बढने के चक्कर में अभी तक रोककर रखा है। जिन किसानों ने सोयाबीन रोककर रखा उनके लिए अच्छी खबर आई है। पिछले कई महीनों बाद अब सोयाबीन के भाव में तेजी देखने को मिली है। आष्टा कृषि उपज मंडी में सोयाबीन अधिकतम 5801 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिका। इससे जो किसान उपज लेकर आए उनके चेहरे पर एक अलग ही खुशी दिखी। आष्टा मंडी में कुल 2600 क्विंटल सोयाबीन की आवक दर्ज हुई। सोयाबीन न्यूनतम 3000 व अधिकतम 5801 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिका है। हालांकि महंगा बिका सोयाबीन बीज का बताया जा रहा है। बता दे कि पिछले साल मंडी में सोयाबीन 6 हजार रुपए क्विंटल से ऊपर बिका था, लेकिन इस बार भाव में ज्यादा कोई इजाफा नहीं हुआ है।

**11645 क्विंटल आवक :** आष्टा मंडी में 11645 क्विंटल की आवक हुई। इससे सुबह की नीलामी में ही किसान ज्यादा नजर आए, जबकि दोपहर में सन्नाटे जैसी स्थिति बन गई थी। मंडी में गेहूं शरबती 3003 से 4073, गेहूं लोकवन 2520 से 2935, गेहूं पूर्णा 2466 से 2870, गेहूं मालवराज 2071 से 2401, चना कांटा 4500 से 6180, चना मौसमी 6037 से 7681, चना सफेद 8100 से 9051, मसूर 4100 । से 5702, मैथी 4501 से 4660 प्रति क्विंटल बिका।

## ग्रामीण शिक्षा मध्य भारत प्रांत का सामान्य शिक्षक वर्ग शिविर राघोगढ़ में आयोजित



**जावर।** विद्या भारती ग्रामीण शिक्षा मध्य भारत प्रांत द्वारा आयोजित आचार्य सामान्य शिक्षण वर्ग राघौगढ़ में 15 दिवसीय वर्ग के द्वितीय दिवस के वन्दना सत्र में शशिकांत फड़के ग्रामीण शिक्षा अखिल भारतीय संयोजन,चंद्रहंस पाठक प्रांत प्रमुख ग्रामीण शिक्षा, इंदर सिंह परमार प्रांतीय समिति सदस्य, गोपाल शर्मा वर्ग संयोजक,के द्वारा मां शारदे के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया गया।

अतिथियों का परिचय वर्ग संयोजक के द्वारा करवाया गया, अतिथियों का स्वागत कालुसिंह राजपूत एवं भवानीशंकर जिला सचिव शिवपुरी के द्वारा किया गया, जिसके पश्चात फड़के के द्वारा हमारी वन्दना/प्रार्थना के महत्व बताया गया कि, मां सरस्वती से हम प्रतिदिन साहस,शील,संयमता स्नेह सभी के लिए हो , हमारा जीवन में त्याग की भावना हो,हम लव कुश ध्रुव प्रहलाद जैसे हमारे भारतीय बालक हो जो हमारे आने वाली पीढ़ी को सुरक्षित रखें। द्वितीय सत्र नारायण सिंह चौहान प्रांतीय प्रशिक्षण प्रमुख के द्वारा लिया गया जिसमें




क्लासरूम प्रोसेस के माध्यम से को पढ़ाया गया, तृतीय सत्र में प्राण प्रमुख चंद्रहंस पाठक के द्वारा बालक के समग्र विकास में पंचकोषात्मक का महत्वपूर्ण योगदान होता है। जिसमें शारीरिक, योग, संगीत,संस्कृत,नैतिक एवं आध्यात्मिक के द्वारा भैया बहिनों का समग्र विकास हो , इस पर विमर्श किया गया,सत्र का संचालन मुरली मनोहर शर्मा विभाग प्रमुख राजगढ़, संचालन टोली हरिशंकर सैनी, देवी सिंह नागर, राधेश्याम नागर, रामबाबू कुम्भज, सियाराम पाटीदार ,योगेन्द्र दांगी, दशरथ आदि उपस्थित रहे।

## नियमों का उल्लंघन करने वालों पर नहीं लग पा रहा अंकुश

# तेज रफ्तार दौड़ते वाहनों पर सख्ती नहीं सड़कों पर अवैध पार्किंग से हो रहे हादसे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सड़कों पर तेज रफ्तार से दौड़ते वाहनों के कारण आए दिन हादसे होते रहते हैं । इंदौर-भोपाल हाईवे से निकलने वाले वाहनों के साथ ही शहर में भी कई वाहन चालक तेज रफ्तार में वाहनों को चलाते हैं। इसके बाद भी इनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। शहर में ट्रैफिक व्यवस्था पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

इंदौर-भोपाल हाईवे और शहर की सड़कों पर तेज रफ्तार से वाहनों की रफ्तार पर लगाम नहीं लग पा रही है। वहीं वाहन पार्किंग पर भी जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे हैं। इंदौर-भोपाल पर चलने वाली कई बसें भी रूट शहर में अंदर नहीं आती है और जो यात्री बसें शहर में बस स्टैंड तक आती हैं वह भी सड़क पर खड़े होकर यात्रियों को उतारती हैं या बैठाती है।



इससे शहर में आए दिन हादसे हो रहे हैं। वहीं नगर में वाहनों को खड़ा करने के लिए कहीं पर भी पार्किंग की व्यवस्था नहीं है और बाजार में दिनभर जाम के हालात बनते रहते हैं। इसके बाद भी इनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। इससे यातायात के नियमों का उल्लंघन करने वालों पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। वहीं गंगा आश्रम में भी डॉक्टरों की क्लीनिक और मेडिकल होने के वजह से यहां पर कई मरीज और डॉक्टर अपने वाहनों से यहां पहुंचते हैं, लेकिन वाहनों को खड़ा होने की जगह नहीं होने से सड़क भी ही वाहन खड़े होते हैं। यहां पर चार पहिया वाहनों के अधिक खड़े होने से अन्य वाहनों के निकलने के लिए बेहद कम जगह बचती है।

### दुकानों के बाहर खड़े होते हैं दोपहिया वाहन

बाजार में दुकानदारों ने सड़कों पर अपनी दुकान का सामान रखकर अतिक्रमण कर रखा है। वहीं बाजार में पार्किंग की व्यवस्था ना होने से दुकानों के सामने ही वाहनों को खड़ा कर देते हैं।

**कहीं भी रोक देते हैं बसें :** शहर में आने वाली बसों के चालक सवारियों को बैठाने और उतारने के लिए बस स्टैंड के अलावा भी किसी भी जगह पर बसों को रोक देते हैं। यह बसें गंगा आश्रम, बस स्टैंड, इंदौर नाका, नदी चौराहा, पोस्ट ऑफिस चौराहा पर बसों को रोक देते हैं।